देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 125 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं..
पाठकों स्वतंत्रता दिवस पर अवकाश होने से पेज थ्री आप तक मंगलवार को पहुंचेगा। – संपादक

पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 15 अगस्त 2021

मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 24.0° | 42243.40

2 वैक्सीन से हो सकता है फायदा | 7 नीरज चोपड़ा का कोरोना टेस्ट नेगेटिव

अयोध्या में राम जन्मभूमि को दहलाने की थी साजिश?

जम्मू में जैश के मॉड्यूल का भंडाफोड़, 4 आतंकवादी गिरफ्तार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जम्मू। जम्मू–कश्मीर में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आतंकियों के एक बड़े हमले के प्लान को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया है। शनिवार को जम्मू पुलिस ने आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद के 4 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। वे ड्रोन से गिराए गए हथियारों को इकट्ठा करने और कश्मीर घाटी में जैश के सक्रिय आतंकवादियों तक पहुंचाने की योजना बना रहे थे। इसके अलावा आतंकवादियों का 15 अगस्त को वाहन IED धमाका करने का प्लान था। वे देश के अन्य हिस्सों में महत्वपूर्ण जगहों की रेकी करने में भी लगे थे। एडीजीपी जम्मू ने बताया कि आतंकियों की गिरफ्तारी एक बड़ी सफलता है। इससे एक बड़े आतंकी हमलों को टाला गया है। पुलिस लगातार आतंकियों की पूछताछ करने में लगी हुई है।

जानकारी के अनुसार मामले में पुलिस ने सबसे पहले आतंकी मुंतजिर मंजूर उर्फ सैफुल्ला पुत्र मंजूर अहमद भट निवासी पुलवामा को गिरफ्तार किया।

आतंकियों की पूछताछ करने में लगी पुलिस

आतंकियों की भर्ती करने वाला गिरफ्तार

जहांगीर अहमद भट पुत्र मुश्ताक अहमद भट निवासी बांदजू पुलवामा को मामले में गिरफ्तार किया गया है। वह कश्मीर का फल व्यापारी है जो लगातार पाकिस्तान में जैश के शाहिद के संपर्क में था और उसने इजहार खान को उससे मिलवाया था। वह आगे कश्मीर घाटी और देश के बाकी हिस्सों में जैश के लिए भर्ती कर रहा था।

राम मंदिर की रेकी

गिरफ्तार हुए जैश के आतंकी इजहार खान उर्फ सोनू खान पुत्र इंतेजार खान निवासी मिरदान मोहल्ला कंडाला शामली (उत्तर प्रदेश) ने खुलासा किया कि पाकिस्तान में बैठे कमांडर मुनाजिर उर्फ शाहिद ने उसे अमृतसर के पास से हथियार इकट्ठा करने के लिए कहा था, जिसे ड्रोन से गिराया जाना था। उसे जैश ने पानीपत तेल रिफाइनरी की रेकी लेने के लिए भी कहा था, जो उसने किया और पाकिस्तान को वीडियो भेजे थे। फिर उन्हें अयोध्या राम जन्मभूमि की रेकी करने का काम सौंपा गया लेकिन इस काम को पूरा करने से पहले ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

वह आतंकवादी संगठन जैश का एक सदस्य है। उसके पास से एक पिस्तौल, एक मैगजीन, 8 लाइव राउंड और दो चीनी हैंड ग्रेनेड बरामद हुए। उसके पास से कश्मीर घाटी में हथियार ले जाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला उसका ट्रक भी जब्त कर लिया गया है। उसकी पूछताछ के बाद जैश के तीन और आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया।

बंटवारे के दर्द को कभी नहीं भुलाया जा सकता

14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के नाम

नई दिल्ली। भारत को अंग्रेजों से 15 अगस्त को मिली आजादी के एक दिन पहले 14 अगस्त को पाकिस्तान एक अलग देश बन गया था। इस दौरान हुए विभाजन में काफी दंगे हुए। लाखों लोगों को अपना घर–बार छोड़ना पड़ा, जमीन जायदाद सबकुछ छोड़ना पड़ा। यहां तक की लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। इस बीच शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एलान किया कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया गया है। पीएम मोदी ने 14 अगस्त को याद करते हुए लिखा, देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहनों और भाइयों को विस्थापित होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी। उन लोगों के संघर्ष और बलिदान की याद में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का यह दिन हमें भेदभाव, वैमनस्य और दुर्भावना के जहर को खत्म करने के लिए न केवल प्रेरित करेगा, बल्कि इससे एकता, सामाजिक सद्भाव और मानवीय संवेदनाएं भी मजबूत होंगी।

प्रधानमंत्री ने हमेशा सैनिकों का मनोबल बढ़ाया हैः सीएम

संवाददाता देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमेशा सेना का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया है। होली, दीपावली और कोई विशिष्ट दिन हो तो सेना के बीच में जाकर उनके साथ मनाते हैं। उनके नेतृत्व में सेना के मनोबल बढ़ाने का कार्य हो रहा है। एक देश का असली नायक सैनिक होता है। जो अपने प्राणों की परवाह किये बिना, हमेशा मातृभूमि की रक्षा के लिए तैयार रहता है। हमें अपनी भारतीय सेना पर गर्व है, जिनकी वजह से देश सुरक्षित है।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सम्मानित होने वाले सभी सैनिकों एवं वीरांगनाओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारे सैनिकों की वजह से ही हम चौन की नींद सो रहे हैं। सैनिकों के सम्मान में प्रदेश में सितम्बर में सैनिक सम्मान यात्रा निकाली जायेगी। सैन्यधाम में राज्य के प्रत्येक शहीद सैनिक के आंगन की मिट्टी लाई जायेगी। सैनिकों के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।